# All-Inclusive Current Affairs for Prelims 2023

## Economy Class-15

## *Inflation* मुद्रास्फीति

मुद्रास्फीति पैसे के मूल्य को कम करती है
मुद्रास्फीति पैसे की क्रय शक्ति को कम करती है

**Prelims 2013** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए
1- मुद्रास्फीति ऋणियों को लाभ पहुंचाती है।
2- मुद्रास्फीति बॉण्ड-धारकों को लाभ पहुंचाती है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
**(a) केवल 1** (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2









आपने अपनी कार एक दोस्त को उधार दी थी।
जब दोस्त ने कार लौटाई तो उसकी कीमत कम हो चुकी थी।



ऋणदाता ने उधारकर्ता को पैसे उधार दिए।
जब उधारकर्ता ने पैसा लौटाया तो उस पैसे का मूल्य कम हो चुका था

| | | |
|---|---|---|
| मुद्रास्फ़ीति | (इन्फ्लेशन) | कीमत बढ़ रही है |
| विस्फीति | (डिसइनफ्लेशन) | कीमत बढ़ रही है, लेकिन धीमी गति से |
| अपस्फीति | (डिफ्लेशन) | कीमत गिर रही है |
| मुद्रास्फीति जनित मंदी | (स्टैगफ्लेशन) | स्थिर (कम) GDP विकास दर, उच्च मुद्रास्फीति, उच्च बेरोजगारी |
| सिकुड़न | (श्रिंकफ्लेशन) | कंपनियां कीमत बढ़ाने के बजाय सामान का साइज घटा रही हैं |

| 2022 Economy | |
|---|---|
| Class-10 | pg-60 |
| Hindi video | 58:45 |
| English video | 1:05:27 |

**UP-PCS (M) 2017**
निम्नलिखित में से कौन-सा/से मुद्रास्फीति दर में गिरावट के निश्चित प्रभाव हैं/हैं :
I. कीमतें गिर गई हैं
II. कीमतें पहले की तुलना में धीमी गति से बढ़ रही हैं
III. खाद्य आपूर्ति में वृद्धि हुई है
IV. औद्योगिक ठहराव है
सही उत्तर का चयन करें
(a) I और III (b) केवल I
**(c) केवल II** (d) I, III और IV

**Prelims 2021**
भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, मांग-प्रेरित मुद्रास्फीति या उसमे वृद्धि निम्नलिखित किन कारणों से होती है?
1. विस्तारक नीतियां
2. राजकोषीय प्रोत्साहन
3. मुद्रास्फीति सूचकांकन मजदूरी (इन्फ्लेशन इंडेक्सिंग वेजेस)
4. उच्च क्रय शक्ति
5. बढ़ती ब्याज दर
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन करें
**(a) केवल 1, 2 और 4** (b) केवल 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 2, 3 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5




**हेडलाइन मुद्रास्फीति** Headline inflation
- यह देश में कुल मुद्रास्फीति को दर्शाता है
- इसे CPI में मापा जाता है
- इसमें भोजन और ईंधन भी शामिल होता है
- यह मूलभूत मुद्रास्फीति की तुलना में अधिक अस्थिर होती है

**मूलभूत मुद्रास्फीति** Core Inflation
**CPI** जिसमे भोजन और ईंधन शामिल नहीं किया जाता (क्यूंकि भोजन ओर ईंधन की कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता होती है )

**उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक** Consumer Food Price Index
- इसकी विधि, CPI के समान ही होती है
- खाद्य उत्पादों के खुदरा मूल्य के लिए
- 3 श्रेणियां - ग्रामीण, शहरी, संयुक्त


| | |
|---|---|
| जारीकर्ता | CSO (MoSPI) |
| आधार वर्ष | 2011-12 |
| आवृत्ति | मासिक |
| भार (Weightage) | अनाज > दूध > सब्जियां... |

**Prelims 1993**
किसी वर्ष मुद्रास्फीति की दर आवश्यक रूप से शून्य होगी, यदि मुद्रास्फीति की वार्षिक दर:-
**(a) उस वर्ष के प्रत्येक सप्ताह में शून्य है**
(b) उस वर्ष के प्रत्येक सप्ताह में गिर रही है
(c) उस वर्ष गिर भी रही है और बढ़ भी रही है
(d) उस वर्ष के प्रत्येक सप्ताह में स्थिर है

ALL INCLUSIVE IAS

**UP-PCS 2021**

अभिकथन (A) : बॉटलनेक मुद्रास्फीति से निपटने के लिए सरकार को कठिन समय का सामना करना पड़ता है।
कारण (R) : ऐसी स्थिति अर्थव्यवस्था में मौजूद कमियों जैसे आपूर्ति में बाधाएं और अप्रभावी वितरण प्रणाली के कारण होती है।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें-
**(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है**



**बॉटलनेक मुद्रास्फीति (Bottleneck Inflation)**
आपूर्ति पक्ष की समस्याओं के कारण मुद्रास्फीति ।
**उदाहरण** - कोविड के दौरान लगे प्रतिबंध जैसे फैक्टरियां बंद होना और परिवहन पर रोक आदि ।

**संरचनात्मक मुद्रास्फीति (Structural inflation)**
- संरचनात्मक कमजोरी (जैसे आपूर्ति में बाधाएं, खराब बुनियादी ढांचा आदि) के कारण मुद्रास्फीति ।
- संरचनात्मक कमजोरी, मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं बढ़ने देती है
- यह ज्यादातर विकासशील देशों में देखी जाती है ।

**Prelims 2011** हाल के वर्षों में भारत निरंतर और उच्च खाद्य स्फीति से गुजरा है। इसके क्या कारण हो सकते हैं?
1. उत्तरोत्तर वाणिज्यिक फसलों की खेती में प्रयुक्त होने के कारण खाद्यान्नों का कृषि क्षेत्र विगत पांच वर्षों में लगातार घटते हुए लगभग **30%** घट गया है।
2. बढ़ी हुई आय के कारण लोगों के उपभोग प्रतिरूप में महत्वपूर्ण परिवर्तन आए हैं।
3. आहार की आपूर्ति श्रृंखला में कई संरचनात्मक अवरोध हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 **(b) केवल 2 और 3** (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3



BusinessLine
Don't ignore NAIRU
July 19, 2022 - Updated 09:56 am IST
It's an important metric for explaining inflation


## NAIRU

बेरोजगारी की गैर-त्वरित मुद्रास्फीति दर
*(बेरोजगारी जिससे महंगाई नहीं बढ़ती)*

यह सबसे कम बेरोज़गारी दर है जिसे वेतन वृद्धि और मुद्रास्फीति में वृद्धि के बिना बनाए रखा जा सकता है।


**बेरोजगारी गैप** : बेरोजगारी दर और NAIRU के बीच का अंतर
**बेरोजगारी NAIRU से कम** → उच्च मुद्रास्फीति → RBI ब्याज दरें बढ़ा सकता है
**बेरोजगारी NAIRU से अधिक** → निम्न मुद्रास्फीति → RBI ब्याज दरें कम कर सकता है




सामान्यतः भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए 3-4% मुद्रास्फीति और 4-5% बेरोजगारी अच्छी मानी जाती है।

## मौद्रिक नीति का रुख *Monetary Policy Stance*




| | |
|---|---|
| डोविश | आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए दरों में कमी। शिथिल/लचीली मौद्रिक नीति। |
| अकोमोडेटिव (उदार) | कुछ मीटिंग्स में दरें कम कर सकते हैं। दरें बढ़ाएंगे नहीं । |
| तटस्थ | दरों में कोई परिवर्तन नहीं करेंगे; या वृद्धि या कमी कर सकते हैं। |
| कैलिब्रेटेड टाइटनिंग | कुछ मीटिंग्स में दरें बढ़ा सकते हैं। दरें कम नहीं करेंगे। |
| हॉकिश | महंगाई पर काबू पाने के लिए दरों में बढ़ोतरी । सख्त/कठोर मौद्रिक नीति। |

ALL INCLUSIVE IAS

**The Economic Times**

**RBI shoots down proposal on "digital only banks"**

Jun 17, 2022, 03:05 PM IST

The Reserve Bank of India has shot down the idea of full-stack "digital only banks" as they pose risks to the system, governor Shaktikanta Das hinted on Friday. Das who was speaking at an event in the financial capital also said that there was no proposal at the moment to regulate neo-banks and called for existing banks and non-banks to use technology for financial service delivery.

## डिजिटल बैंकिंग यूनिट *Digital Banking Unit*

**डिजिटल ऑनली बैंक**

- इनकी कोई भौतिक शाखा नहीं होती
- भारत में इनकी अनुमति नहीं है

**डिजिटल बैंकिंग यूनिट (DBU)**

- मौजूदा बैंक का एक बैंकिंग आउटलेट
- अलग लाइसेंस की जरूरत नहीं है
- पूरी तरह पेपरलेस
- दो मोड में काम करता है: सेल्फ-सर्विस और असिस्टेड

**DBU कौन खोल सकता है?**

हाँ - अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक
हाँ - लघु वित्त बैंक (Small Finance Bank)
नहीं - RRB, पेमेंट बैंक, स्थानीय क्षेत्र बैंक (Local Area Bank)







**DBU में सुविधाएं**

- स्वचालित गणक मशीन (ATM)
- कैश डिपॉजिट मशीन
- पासबुक प्रिंटिंग मशीन
- चेक डिपॉजिट मशीन
- खाता खोलने की मशीन
- फंड ट्रांसफर, बिलों का भुगतान
- क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड
- KYC, ऋण, निवेश, बीमा, डिजिटल वित्तीय साक्षरता आदि।

---

## डिजिटल ऋण *Digital lending*

**THE HINDU**

**RBI's modified digital lending norms to come in effect from December 1**

Under the new norms, all loan disbursals and repayments are required to be executed only between the bank accounts of borrower and the regulated entities

November 30, 2022 10:41 pm | Updated 10:41 pm IST - New Delhi

बैंकों और NBFCs द्वारा डिजिटल रूप से दिया जाने वाला ऋण, जो कि सामान्यतः "ऋण सेवा प्रदाता" या "डिजिटल ऋण ऐप" के माध्यम से दिया जाता है

**डिजिटल ऋण के लिए RBI के दिशानिर्देश**

- सभी बैंकों और NBFCs पर लागू होते है
- बाय नाउ पे लेटर (BNPL) पर लागू होते है
- क्रेडिट कार्ड EMI पर लागू नहीं होते (इनके लिए अलग दिशानिर्देश हैं)
- वार्षिक प्रतिशत दर (APR)(फीस सहित) का विवरण बताना होगा
- रिकवरी एजेंट का विवरण डिफॉल्टर को बताना होगा
- ग्राहक की सहमति के बिना लोन की सीमा नहीं बढ़ा सकते
- सारा डेटा भारत में ही स्टोर करना होगा

---

**The Statesman**

**Jan Samarth Portal hosts loans under 13 credit linked Government Schemes**

*Any applicant/beneficiary can register, check eligibility under various Government Schemes, and apply for digital loan approval through the Jan Samarth Portal.*

SNS | New Delhi | July 20, 2022 9:00 am


## जन समर्थ पोर्टल *Jan Samarth Portal*

( क्रेडिट लिंक्ड सरकारी योजनाओं के लिए राष्ट्रीय पोर्टल )

- यह विभिन्न सरकारी योजनाओं को जोड़ने वाला एक डिजिटल पोर्टल है।
- इस पर विभिन्न सब्सिडी और ऋण योजनाएं उपलब्ध हैं।
- पात्र लोग ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और अनुमोदन प्राप्त कर सकते हैं।
- यह विभिन्न मंत्रालयों, बैंकों, UIDAI, CBDT, NSDL आदि से जुड़ा हुआ है।

ALL INCLUSIVE IAS

# मूल्य निगरानी *Price Monitoring*


Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution

**All states should establish price monitoring centres in all districts: Centre**


Posted On: 02 DEC 2022 6:50PM by PIB Delhi

**मार्केट इंटेलिजेंस एंड अर्ली वार्निंग सिस्टम**

**TOP** फसलों (टमाटर, प्याज, आलू) के मूल्य की निगरानी के लिए। यह ऑपरेशन ग्रीन्स के तहत हस्तक्षेप करने के लिए अलर्ट करता है
https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=199583

**मकड़जाल परिघटना (Cobweb phenomenon)**

मूल्य में उतार-चढ़ाव से आपूर्ति में उतार-चढ़ाव होता है, जिसके कारण कीमतों में बढ़ोतरी और कमी का एक चक्र बनता है





**मूल्य निगरानी प्रभाग**

- यह दैनिक आधार पर चुनिंदा आवश्यक वस्तुओं (22) के मूल्य (खुदरा और थोक) पर नज़र रखता है
- उपभोक्ताओं को अस्थायी राहत देने के लिए वस्तु-विशिष्ट बाजार हस्तक्षेप योजनाओं को लागू करता है
- यह उपभोक्ता मामलों के विभाग (उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय) के अंतर्गत आता है

**मूल्य स्थिरीकरण कोष (Prize Stabilization Fund)**

- कृषि विभाग (MoA&FW) के अंतर्गत 2014-15 में स्थापित
- 2016 में इसे उपभोक्ता मामलों के विभाग (MoCA,F,PD) में स्थानांतरित कर दिया गया था
- प्याज, आलू और दालों जैसी कृषि उत्पादों की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए
- स्ट्रेटेजिक बफर बनाने के लिए मंडी से सीधी खरीद की जाती है
- बाजार हस्तक्षेप के लिए सरकारी एजेंसियों को ब्याज मुक्त ऋण दिया जाता है
- इस फंड को SFAC (स्मॉल फार्मर्स एग्रीबिजनेस कंसोर्टियम) (कृषि विभाग की एक सोसायटी) द्वारा मेन्टेन किया जाता है

# उपज वक्र *Yield curve*


The Indian EXPRESS
JOURNALISM OF COURAGE


**Inverted curve: Yield on 1-year bond rises above 10-year bonds to 7.48%**

Mumbai | March 9, 2023 05:00 IST

**Prelims 2021**

भारतीय सरकारी बॉन्ड प्रतिफल निम्नलिखित में से किनसे प्रभावित होते हैं?
1. यूनाइटेड स्टेट्स फेडरल रिजर्व की कार्यवाही
2. भारतीय रिजर्व बैंक की कार्यवाही
3. मुद्रास्फीति और अल्पावधि ब्याज दर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन करें
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3




**उपज वक्र (Yield Curve)**

यह बॉन्ड (समान क्रेडिट गुणवत्ता, लेकिन अलग-अलग परिपक्वता वाले) की यील्ड (ब्याज दर) दिखाता है,

**कोई आपसे ₹10,000 उधार लेता है**

1 महीने के लिए → कम जोखिम → आप 4% ब्याज लोगे
10 साल के लिए → उच्च जोखिम → आप 6% ब्याज लोगे

**सामान्य उपज वक्र (Normal Yield Curve)**

- अगले साल परिपक्व होने वाले बॉन्ड में जोखिम कम होता है, इसलिए उपज (Yield) कम होती है ।
- 10 वर्षों में परिपक्व होने वाले बॉन्ड में जोखिम अधिक होता है, इसलिए उपज (Yield) ज्यादा होती है।

**उलटा उपज वक्र (Inverted Yield Curve)**

मान लीजिए कि अर्थव्यवस्था कठिन दौर से गुजर रही है

अगले साल परिपक्व होने वाले बांड जोखिम भरे हो जाएंगे
लोग 1 साल का बॉन्ड नहीं खरीदना चाहेंगे
1 साल के बॉन्ड की मांग घटेगी
1 साल के बॉन्ड की यील्ड बढ़ेगी

लोग सुरक्षित स्थान पर पैसा लगाएंगे
लोग 10 साल के बॉन्ड खरीदेंगे
10 साल के बॉन्ड की मांग बढ़ेगी
10 साल के बॉन्ड की यील्ड घटेगी

जब यील्ड कर्व धीरे-धीरे उलटना शुरू होता है, तो इसका मतलब है कि बाजार स्लोडाउन / मंदी की ओर इंगित (भविष्यवाणी) कर रहा है